# BK वायरस (BKV)

## BKV क्या है?

- BKV एक सामान्य वायरस है, जो किसी भी समय किसी को भी संक्रमित कर सकता है, लेकिन आम तौर पर यह शुरूआती बचपन में होता है। अधितकर लोगों (लगभग 90%) के वयस्क होने तक उन्हें BKV हो चुका होता है।

## BKV से क्या हो सकता है?

- किडनी का ट्रांस्प्लांट कराने वाले रोगियों में अक्सर इसके कोई लक्षण नहीं होते।
- हालांकि, किडनी का ट्रांस्प्लांट कराने वाले रोगी पेशाब के रंग (लाल या भूरा) में बदलाव महसूस कर सकते हैं या पेशाब करते समय कठिनाई या दर्द होता है।
- कुछ मामलों में, ट्रांस्प्लांट की गई किडनी में BKV गंभीर संक्रमण का कारण बन सकता है और आपकी किडनी की कार्यक्षमता को ख़राब कर सकता है।

## BKV कैसे फैलता है?

- संभव तौर पर BKV लार द्वारा फैलता है, उदाहरण के लिए एक दूसरे के साथ भोजन या बर्तन साझा करना।
- व्यक्ति के BKV से संक्रमित होते ही, वायरस जीवन भर के लिए किडनी में रहता है। अधिकांश समय यह निष्क्रिय (सुप्त) रहता है।
- यदि अंगदाता के जीवन-काल में BKV था, तो ट्रांस्प्लांट की गई किडनी में भी BKV फैल सकता है।

## ट्रांस्प्लांट के बाद BKV महत्वपूर्ण क्यों है?

- ट्रांस्प्लांट के बाद BKV सक्रिय हो सकता है, इसलिए आपको एंटी-रिजैक्शन दवाएं लेनी पड़ेंगी। रोगियों में सक्रिय BKV के कारण लक्षण होने की अधिक संभावना होती है, विशेष तौर पर, यदि उनके ट्रांस्प्लांट से पहले उन्हें BKV नहीं था।

## मुझे कैसे पता चलेगा कि मुझे BKV है?

- ख़ून के टैस्ट द्वारा BKV का पता लगाया जाता है। वायरस की मौजूदगी का पता लगाने के लिए आपका ट्रांस्प्लांट क्लिनिक आपके ख़ून की नियमित तौर पर जांच करेगा।

## क्या BKV का इलाज किए जाने की ज़रूरत है?

- यदि ट्रांस्प्लांट के रोगी में सक्रिय संक्रमण है, तो इसकी समीक्षा करना, आपकी ट्रांस्प्लांट टीम के लिए महत्वपूर्ण है और यदि संभव है, तो संक्रमण का मुकाबला करने के लिए अपने शरीर की प्रतिरक्षा-प्रणाली को स्वयं कार्य करने देने के लिए अपनी एंटी-रिजैक्शन दवाएं घटाएं।

## BKV का इलाज कैसे किया जाता है?

- एंटी-रिजैक्शन दवाएं घटा कर BKV का इलाज किया जाता है। ऐसा अक्सर संक्रमण को नियंत्रण में रखने के लिए आपकी प्रतिरक्षा-प्रणाली के लिए पर्याप्त होता है; हालांकि, अस्वीकृति का ख़तरा कम करने के लिए बहुत कम एंटी-रिजैक्शन दवाएं देकर यह कार्य सावधानी से किया जाना चाहिए।
- अधिक गंभीर मामलों में या यदि अस्वीकृति के लिए कोई चिंता है, तो आपकी ट्रांस्प्लांट टीम अन्य खाने वाली या नसों में दी जाने वाली वायरल-रोधी दवाएं लिख कर दे सकती है।

## BKV की रोकथाम कैसे की जाती है?

- ट्रांस्प्लांट के बाद, सक्रिय BKV संक्रमण की मौजूदगी के लिए ख़ून के आम नियमित टैस्ट की पूरे ध्यान से निगरानी की जाती है।
- अपने ख़ून का समयबद्ध तरीके से आम नियमित टैस्ट करवाना, यह सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा तरीका है कि किसी भी सक्रिय BKV संक्रमण का जल्द पता लगाया जाए, ताकि ट्रांस्प्लांट की गई किडनी में वायरस से होने वाले नुकसान की संभावना को कम किया जा सके।